दैनिक जागरण 11/10/2024

विद्यार्थियों ने रैली निकाल दिया नशामुक्ति का संदेश

नशामुक्ति रैली निकालते जीएमएन कालेज के विद्यार्थी ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता ● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में एनएसएस यूनिट द्वारा नशा मुक्ति पर रैली का आयोजन किया गया। जिइमें कालेज के स्वयंसेवकों ने कालेज परिसर में रैली निकाल सभी को नशे से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि नशा व्यक्ति के विवेक पर आक्रमण करता है जिससे उसके सोचने-विचारने की शक्ति एवं ऊर्जा का पतन होने लगता है। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि अनेक नशा मुक्ति कार्यक्रम एवं अभियानों के बावजूद नशा प्रयोग करने वालों की गिनती दिन- प्रतिदिन बढ़ रही है। नशे की सरल उपलब्धता के कारण आज कई घर के युवा नशे के क्रय- विक्रय एवं प्रयोग में लिप्त हो चुके हैं। एक भारतीय होने के नाते हमारा उत्तरदायित्व बनता है कि हम स्वयं भी नशीले पदार्थों से स्वयं को दूर रखें और अपने आस पास भी इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता को फैलाएं।

इसी तरह कालेज में मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा. अनुपमा सिहाग के निर्देशन में द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र और मानसिक स्वास्थ्य क्लब के सहयोग से एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अलावा कालेज में मैनेजमेंट विभाग, कंप्यूटर एप्लीकेशन और करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने स्किल लैब्स के सहयोग से प्रतिस्पर्धा से भरे इस युग में कौशल और रोजगार क्षमता बढ़ाने पर करियर सत्र का आयोजन किया जिसमें बीबीए, बीसीए एवं बीकाम के 80 छात्रों ने भाग लिया।